संख्या-2890/नौ-4-12-8डलएलबी/99

प्रेषक,

श्रीप्रकाश सिंह
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
स्थानीय निकाय,
उ0प्र0 लखनऊ।

नगर विकास अनुभाग-4

लखनऊः दिनांक-26 सितम्बर, 2012

विषय- स्थानीय निकाय निदेशालय में जूनियर प्रोग्रामर (ग्रेड-2) का 01 पद सृजित किये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक आपके पत्र संख्या-एक/208/99क्यू/आ0/04, दिनांक 21.05.2012 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा स्थानीय निकाय निदेशालय में निरीक्षक के स्वीकृत 03 स्थायी पदों वेतनमान रू0 9300-34800 ग्रेड पे रू04200 में से एक पद को समर्पित करते हुए जूनियर प्रोग्रामर (ग्रेड-2) का 01 पद वेतनमान रू0 9300-34800 ग्रेड पे रू04600 सृजित किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2. सम्यक् विचारोपरान्त श्री राज्यपाल महोदय स्थानीय निकाय निदेशालय, उ0प्र0 लखनऊ हेतु उपर्युक्त वर्णित निरीक्षक 03 पदों में से एक पद को समर्पित करते हुए उसके स्थान पर पुनरीक्षित वेतन संरचना में वेतन बैण्ड रू0 9300-34800 ग्रेड पे रू0 4600/- में जूनियर प्रोग्रामर (ग्रेड-2) में 01 अस्थायी पद, इस शासनादेश के जारी होने अथवा पद पर नियुक्ति की तिथि से, जो भी बाद में हो, दिनांक 28.02.2013 तक की अवधि के लिए, यदि इसके पूर्व ही यह पद बिना सूचना के समाप्त न कर दिया जायें, निम्नलिखित शर्तो के अधीन सृजित करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते हैं:-

(1) इस पद को भरे जाने हेतु न्यूनतम अर्हता वित्त विभाग के शासनोदश दिनांक 08.09.2010 के अनुसार सुनिश्चित की जायेगी।

(2) उक्त पदधारक को शासन द्वारा समय-समय पर स्वीकृत मँहगाई भत्ता एवं अन्य भत्ते जो अनुमन्य हैं, देय होंगे।

3. उक्त पद पर होने वाला व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2012-13 के आय-व्ययक के अनुदान संख्या-37 के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-2052-सचिवालय सामान्य सेवायें-आयोजनेत्तर-92-अन्य कार्यालय-03-स्थानीय निकाय निदेशालय के अन्तर्गत सुसंगत प्राथमिक इकाईयों के नामें डाला जायेगा।

4. उक्त आदेश वित्त विभाग के अशासकीय पत्र संख्या-ई-8-1383/दस-12 दि019.9.12 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किये जा रहे हैं।

भवदीय,

(श्रीप्रकाश सिंह)
विशेष सचिव।

- 1077-G.O 2011-2

संख्या-2890 (1)/चौ-4-12-8डी/एलबी/99 तद्दिनांक

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार, उ0प्र0 इलाहाबाद।
2. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-8
3. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

(आर0पी0सिंह)
उप सचिव।